समाचार

# नव आयुक्त श्री जयवर्धन ने किया पदभार ग्रहण, पूर्व आयुक्त श्री राहुल देव हुए रिलीव



कोरबा 28 मई 2020 —नगर पालिक निगम कोरबा में नव पदस्थ हुए आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने आज साकेत भवन पहुंचकर पदभार ग्रहण किया, तो वहीं पूर्व आयुक्त श्री राहुल देव ने उन्हें कार्यभार सौपा तथा निगम से रिलीव हुए।

यहां उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा नगर पालिक निगम कोरबा के आयुक्त पद पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री एस.जयवर्धन की पदस्थापना की गई है, वहीं निगम में आयुक्त रहे आई.ए.एस. अधिकारी श्री राहुल देव को जिला पंचायत नारायणपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर पदस्थ किया गया है। नव पदस्थ आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने आज पूर्वान्ह निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत पहुंचकर पदभार ग्रहण किया, तो वहीं आयुक्त श्री राहुल देव ने श्री जयवर्धन को कार्यभार सौपा एवं निगम से रिलीव हो गए।

**कार्यालयों का किया निरीक्षण**— आयुक्त श्री जयवर्धन ने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात पूर्व आयुक्त श्री राहुल देव एवं अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा के साथ प्रशासनिक भवन साकेत स्थित विभिन्न कार्यालयों, शाखाओं का निरीक्षण किया तथा अधिकारी कर्मचारियों का परिचय प्राप्त करने के साथ—साथ कार्यालयों, शाखाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।